प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 08.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में रायपुर की ईशा पटेल सहित अन्य लाभार्थियों से बात की–कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है।
2– बीजापुर जिले में आज चार इनामी सहित बाईस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।
3– प्रदेश में आज से शुरू हुआ सुशासन तिहार।
4– पोषण पखवाड़े के तहत राज्य के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज से आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रम।

**समाचार विस्तार से .....**

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना–01**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। प्रधानमंत्री ने इस योजना को उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए इसे मौन क्रांति बताया।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने इस योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपने उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना की सत्तर प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

**सबसे ज्यादा लोन के लिए अप्लाई करने वाली महिलाएं हैं। सबसे ज्यादा लोन प्राप्त करने वाली महिलाएं हैं और सबसे जल्दी रीपेमेंट करने वाली भी महिलाएं हैं और एक बार पैसा आए तो उसका सदुपयोग करना यह अपने आप में आपके जीवन में भी एक डिसिप्लिन ले आता है। ये जीवन को बनाने का अवसर देता है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है। बातचीत के दौरान, लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए।

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना–02**

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के रायपुर की एक महिला उद्यमी और 'हाउस ऑफ पुचका' की संस्थापक ईशा पटेल से भी बातचीत की। महिला उद्यमी ने प्रधानमंत्री से घर पर खाना बनाने से लेकर एक सफल कैफे व्यवसाय स्थापित करने तक की अपनी प्रेरक यात्रा साझा की।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत सूक्ष्म और छोटे उद्यमों को बीस लाख रुपये तक के ऋण बिना गारंटी प्रदान किये जाते हैं।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

बीजापुर जिले में आज चार इनामी सहित बाईस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गोवर्ण ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में पीएलजीए बटालियन का एक सदस्य, सीआरसी कंपनी का एक सदस्य और एसीएम रैंक के दो सदस्य शामिल हैं। इन चारों पर कुल मिलाकर छब्बीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप पचास–पचास हजार रूपये की राशि प्रदान की गई।

**<u>सुशासन तिहार</u>**

प्रदेश में आज से 'सुशासन तिहार' की शुरूआत हो गई है। तीन चरणों में आयोजित होने वाला सुशासन तिहार इकतीस मई तक चलेगा। पहले चरण में
आठ से लेकर ग्यारह अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में आवेदन लिए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

सुशासन तिहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में जमा कर रहे हैं। लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसे देखते हुए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के कार्यालयों में अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। वहीं, ऑनलाइन आवेदन पोर्टल और कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन करने की सुविधा दी गई है। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे है।

सुशासन तिहार के तहत दूसरे चरण में एक महीने के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। वहीं, तीसरे और अंतिम चरण में पांच मई से इकतीस मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**<u>पोषण–पखवाड़ा</u>**

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आज से पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस वर्ष का पोषण पखवाड़ा मुख्य रूप से चार विषयों पर केंद्रित हैं। इनमें जीवन के पहले एक हजार दिनों के दौरान देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

पोषण अभियान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल है। जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरी लड़कियों और छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों को सुधारना है।

छत्तीसगढ़ में भी आज से पोषण पखवाड़े की शुरूआत हो गई है। आज विभिन्न जिलों में कलेक्टरों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पहुंचकर इस पखवाड़े का शुभारंभ किया। पखवाड़े के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**<u>मुख्यमंत्री–मरका पंडुम</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांकेर जिले के भिरावाही गांव में गोंडवाना समाज द्वारा आयोजित मरका पंडुम के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह में मुख्यमंत्री ने गोंडवाना समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर अस्सी लाख रूपए के विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों की घोषणा की।

## अपोलो अस्पताल प्रबंधन–नोटिस

बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य की डिग्री सहित अन्य दस्तावेज पेश करने को कहा है। डॉक्टर विक्रमादित्य को अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने बतौर विशेषज्ञ चिकित्सक नौकरी पर रखा था। हाल ही में मध्यप्रदेश के दमोह के एक अस्पताल में ऐसे करीब छह लोगों की मौत हो गई, जिनका ऑपरेशन डॉक्टर विक्रमादित्य ने किया था। बाद में मध्यप्रदेश पुलिस ने इस डॉक्टर को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार–01

## समाचार संक्षेप में ...

– ब्रह्माकुमारी की मुख्य प्रशासिका, योग शक्ति दादी मां रतनमोहिनी के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त किया है।

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज रायपुर स्थित कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान राज्यपाल ने कलेक्टोरेट परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया।

– रायपुर में आज से देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव की शुरूआत हो गई है। दो दिवसीय इस कॉन्क्लेव में देशभर से पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े ट्रेडर्स और किसान शामिल हो रहे हैं।

– जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सक्ती जिले के असौंदा गांव में वाटरशेड यात्रा और पानी की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और जिला पंचायत के सीईओ वासु जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

– जांजगीर–चांपा जिले की नगर पंचायत नरियरा के दो कांग्रेसी और दो निर्दलीय पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं।

– मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना के तहत आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा बीस अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

– प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के गौरेला स्थित शासकीय आईटीआई में ग्यारह अप्रैल को पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार–02

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपरेंटिस पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चार मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

– सूरत रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों के कारण छत्तीसगढ़ से होकर सूरत जाने वाली छह ट्रेनों का ठहराव आगामी आदेश तक सूरत की बजाए उधना स्टेशन पर होगा।

– जांजगीर–चांपा जिले की पंतोरा चौकी पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कुसमुंडा कोल माइंस में नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से धोखाधड़ी की थी।

– कोंडागांव के संत सेवालाल चौक के पास बीती रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक नाबालिग की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

– कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र में लैंको पावर प्लांट के एक कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

– बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के चाकी गांव में दंतैल हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। वन विभाग की टीम ने मृतक के परिजनों को तत्कालीन सहायता राशि के रूप में पच्चीस हजार रुपए प्रदान किए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>